Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 19-03-2007

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

an>

Title: Expansion of Government Opium and Alkaloid Works, Neemuch, Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : देश में विदेशी मुद्रा की पर्याप्त एवं बचत की दुटि से कोडीन फास्फेट का उत्पादन अफीम से किया जाता है। इसके उत्पादन हेतु मध्य प्रदेश के नीमच स्थिति अल्कलाइड फैक्ट्री है, जहां प्रतिर्वा बड़ी मात्रा में इसका उत्पादन होता है किन्तु मध्य प्रदेश, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में अफीम का उत्पादन तथा उसको निर्यात करने की दृटि से अंतर्राट्रीय बाजार में पर्याप्त बिक्री नहीं होने से, धीरे--धीरे अफीम का संग्रह बढ़ता जा रहा है, जो कि कई टनों में है और इस दृटि से कोडीन तथा अफीम के सहउत्पादों का उत्पादन बढ़ाये जाने की अति आवश्यकता है। सरकार द्वारा इस बारे में नीमच स्थित फैक्ट्री के ि वस्तारीकरण का मामला हाथ में लिया गया था तथा पूर्व में चल रही एक शिफ्ट को दो शिफ्टों में चलाकर उत्पादन बढ़ाया गया, तथापि भारत में जितने कोडीन फास्फेट की मांग है उसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है और विदेशों से आयात करना पड़ रहा है, जिस पर भारी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस दृटि से नीमच स्थित अल्कलाइड फैक्ट्री की उत्पादन क्षमता बढ़ायी जाये ताकि उत्पादित अफीम को स्वदेश में ही खपाया जा सके और विदेशी मुद्रा की भी बचत की जा सके।

सैद्धान्तिक रूप से सरकार इसका उत्पादन बढ़ाने और फैक्ट्री का विस्तार करने के पक्ष में भी है किन्तु किन्हीं कारणों से इसमें विलंब हो रहा है। मैं यहां पर यह भी बताना चाहूंगा कि नीमच में पर्याप्त मात्रा में पानी भी उपलब्ध है जो इसके लिए ि वशो रूप से आवश्यक होता है तथा फैक्ट्री के विस्तार के लिए आवश्यक भूमि भी उपलब्ध है। अतः मेरा पुनः अनुरोध है कि नीमच स्थित इस फैक्ट्री को विस्तारित किया जाये तथा कोडीन और उसके सह-उत्पादों का उत्पादन बढ़ाया जाये, क्योंकि भारत ने जितनी कोडीन फास्फेट की मांग है उसकी पूर्ति हम नहीं कर पा रहे हैं और उसका आयात करना पड़ता है। जिसके लिए हमको भारी विदेशी मुद्रा खर्च होती है।

अतः मेरा आग्रह होगा कि इस बारे में शीघ्र ही समुचित कदम उठाया जाये।